18-3-2024

पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप.। पत्रावली व उपलब्ध रेकर्ड के अध्ययन व वकील प्रार्थी की बहस पर मनन के पश्चात ज्ञात है कि तहसीलदार बाली ने न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी पाली द्वारा अपील सं 131/2022 रामचन्द्र बनाम धीरजकुमार वगैरा में पारित आदेश दिनांक 24.01.2023 की पालना में मौका स्थिति की जांच करते हुए अप्रार्थी सुखीदेवी की खातेदारी भूमि ग्राम कोट बालियान के खसरा नंबर 1316/1302 रकबा 0.20 हैक्टर के पुर्वी माठ के सहारे-सहारे 9.14 वर्गमीटर चौडा व 43 मीटर लम्बा मार्ग प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम कोट बालियान के खसरा नंबर 1319 रकबा 1.19 हैक्टर तक पहुंच मार्ग प्रस्तावित किया है। चूंकि उक्त रास्ता अपीलीय न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी पाली के निर्णय की पालना में प्रस्तुत किया गया है, तथा अप्रार्थी सुखीदेवी द्वारा रेवेन्यू बोर्ड में प्रस्तुत निगरानी सं. 400/2024 अनवान सुखीदेवी बनाम चम्पादेवी वगैरा में राजस्व मंडल,अजमेंर के किसी आदेश की प्रति पेश नही की गई है। जिससे तहसीलदार बाली द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार प्रतिकर राशि का निर्धारण करते हुए माननीय राजस्व अपील प्राधिकारी पाली के निर्णय में प्रदत्त निंर्देशो की पालना किया जाना न्यायसंगत है।

अतः माननीय राजस्व अपील प्राधिकारी पाली द्वारा पारित निर्णय में प्रदत्त निर्देशों की पालना में प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम कोट बालियान के खसरा नंबर 1319 रकबा 1.19 हैक्टर तक पहुंच मार्ग जो तहसीलदार बाली द्वारा अपनी रिपोर्ट में दर्शाया है। उसका प्रतिकर निम्नानुसार निर्धारित कर माननीय राजस्व अपील प्राधिकारी पाली के निर्णय की पालना सुनिश्चित किये जाने के आदेश दिये जाते है-

| क्र. स. | खसरा नं. | रकबा | रास्ते के लिये प्रभावित क्षेत्रफल | डी.एल. सी. दर (प्रति व. मी.) रूपये | देय प्रतिकर राशि डी.एल.सी. दर 282495/- प्रति हैक्टर की दर से दुगुनी राशि | नाम खातेदार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1316/1302 | 0.20 हैक्टर | 43×9.14= 393.02 | 29 | 11398×2=22796 | सुखीदेवी पत्नि कसाराम जाति जणवा सा. राडावा |

तहसीलदार बाली व भू-अभिलेख निरीक्षक मुण्डारा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट व नजरी नक्शा को निर्णय का भाग माना जावे। तहसीलदार बाली देय प्रतिकर राशि अदायगी की सुनिश्चितता करते हुये रेकर्ड में अमल दरामद के साथर नक्शे में तरमीम कार्यवाही सुनिश्चित करे। रास्ता को रेकर्ड में गै.मु. रास्ता सिवायचक दर्ज किया जावें। आदेश प्रति सभी संबंधित को पालनार्थ भिजवाई जावें। पत्रावली निर्णित शुमार होकर नंबर से कम हो।

उपखण्ड अधिकारी
बाली जिला पाली

सहायक कलेक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी, बाली

न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी बाली, जिला - पाली (राज.)

राजस्थान सरकार

NIC-BHUNAKSHA

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)

दिनांक : 05/03/2024 01:49:33 PM

...ली तहसील : बाली

भू. अ. नि. क्षेत्र : मुण्डारा

...कोटबालीयान ग्राम : कोटबालीयान




खसरा संख्या :1139 क्षेत्रफल : 1.1900 Hectare खाता संख्या : 301पुराना खाता संख्या :298

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: बारानी अव्वल [ 1.1900, 8.33 ]

1.) रामचन्द्र पुत्र हकमाराम हिस्सा- पूर्ण जाति- गुरूडा सा. डूंगली खातेदार

Ex-Court

सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी, बाली

18/3/2024

तहसीलदार, बाली

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

R.D.- Mosill

5/3/2024

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।

२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।

३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसील कार्यालय में संपर्क करें। ULPIN no : null